53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.9 °c
अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:02 सूर्यास्त-6:04 | वर्ष : 53/ अंक : 40 | सोमवार, 10 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**
अगर आप सही हो तो कुछ भी साबित करने की कोशिश मत करो, बस सही बने रहो गवाही वक्त खुद दे देगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
अन्ना हजारे केजरीवाल की हार पर तो खुश हैं लेकिन मोदी सरकार पर कुछ क्यों नहीं बोलते : संजय राऊत



आपको अपना ही गम था अब केजरीवाल के गम का भी गम है.......

# बोर्ड परीक्षाओं के बाद मीठे सुहाने मौसम में लगेगी नुमाइश

## कई वर्षों बाद मार्च-अप्रैल माह में नुमाइश में उमड़ेगा जन सैलाब

**मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)।** बोर्ड परीक्षाओं के बाद परिवार के एवं छात्र-छात्राओं के मनोरंजन के लिए कई वर्षों के बाद मार्च-अप्रैल माह के बीच नुमाइश लगाने की तैयारी की जा रही है। उक्त नुमाइश के दौरान एक सप्ताह रंगारंग कार्यक्रमों का दौर भी चलाया जायेगा। नुमाइश में विभिन्न प्रकार की खाने-पीने से लेकर कपड़े, इलेक्ट्रोनिक सामान, बर्तन, क्रॉकरी आदि विभिन्न प्रकार की नई-नई चीजों के साथ बच्चों के झूलने के लिए बड़े-बड़े झूले भी लगाए जाएंगे। जल्द ही जिलाधिकारी के आदेश पर उक्त नुमाइश का ठेका छोड़े जाने की तैयारी की जा रही है। नगर के गणमान्य लोगों से राय कर जल्द ही इसकी तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। पिछले कई सालों से यही नुमाइश कड़कड़ाती ठण्ड में लगाई जा रही थी, जिसके कारण नुमाइश में भीड़ कम ही नजर आती थी मगर अब मार्च-अप्रैल के माह में लगने जा रही इस नुमाइश में ठण्डा-मीठा मौसम रहने के कारण भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद की जा रही है। जल्द ही प्रशासन सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर उक्त नुमाइश की तिथि की घोषणा जिलाधिकारी के आदेश के बाद कर दी जाएगी।



डीएम उमेश मिश्रा



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आ सकते हैं बड़े कवि एवं कलाकार

**मुजफ्फरनगर।** नुमाइश पंडाल में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बड़े कवियों एवं कलाकारों को बुलाने की योजना है। नगर के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने वाले आयोजकों से इसकी सलाह स्वयं जिलाधिकारी द्वारा ली जा रही है। नुमाइश की घोषणा के बाद किन-किन बड़े कलाकारों एवं कवियों के कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे, यह जानकारी जल्द ही दे दी जाएगी।

# गौरव के क्षण: मुजफ्फरनगर में सैट-1 रॉकेट की सफल लांचिंग

**▸ ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बने जिले के आम-ओ-खास ▸ स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब का मंत्री-चेयरपर्सन ने किया उद्घाटन ▸ 3.5 किमी की दूरी तय करते हुए तोड़ा पिछला 3 किमी रिकॉर्ड**

**मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ के साथ रविवार को जनपद में प्रदेश की प्रथम स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन संयुक्त रूप से किया। जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में आयोजित इस लैब में रहकर स्पेस इंजीनियरिंग सीख रहे छात्रों द्वारा तैयार सैट-1 रॉकेट की सफल लांचिंग के गवाह बने। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने कॉलेज प्रबंध समिति की प्रशंसा की।

रविवार को नगर के जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में उत्तर प्रदेश की पहली स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि योगी सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कॉलेज छात्रा आस्था व उर्वशी द्वारा श्री गणेश वन्दना की प्रस्तुति के बाद किया। छात्रों द्वारा इसरो से मान्यता प्राप्त इंडोप्लेनेटएक्स के वैज्ञानिकों की देखरेख में तैयार किये गये रॉकेट सैट-1 की सफल लॉचिंग की गई। राकेट ने करीब 3.5 किमी की दूरी तय की और फिर उसे पैराशूट के सहारे मानव रहित सुरक्षित क्षेत्र में नीचे उतारा गया। यह पल छात्रों के लिए एक ऐतिहासिक अनुभव के साथ ही आकर्षक भी साबित हुए। इस घटना ने छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक नए दृष्टिकोण से परिचित कराने के साथ ही उनकी वैज्ञानिक सोच को और अधिक प्रेरित किया। सफलता के सोपान पर परचम फहराने के इन पलों को यादगार बनाते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि वास्तव में स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब की स्थापना विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जनपद के एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी द्वारा उठाये गए एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है। यह लैब अंतरिक्ष में अनुसंधान व प्रयोगों के लिए छात्रों

शेष - पृष्ठ-4 पर











### शाहपुर क्षेत्र में इक्कीस वर्षीय युवक फांसी पर लटका मिला

**शाहपुर, 09 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव ढिंढावली निवासी एक 21 वर्षीय युवक गांव आदमपुर के जंगल में एक पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी भिजवाया। क्षेत्र के गांव ढिंढावली निवासी 21 वर्षीय मोनू अपने पिता राजपाल व अन्य परिजनों के साथ गांव में एक कोल्हू पर मजदूरी करता था। शनिवार की शाम वह घर पहुंचा, तो किसी बात को लेकर परिजनों से उसकी कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह घर गया। युवक के जाने के बाद परिजनों ने उसे काफी तलाश किया, किंतु उसका कोई सुराग नहीं लग सका। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव आदमपुर से शिकारपुर जा रहे बाइपास पर गांव आदमपुर के जंगल में पेड़ पर मोनू को फांसी पर लटके देखा। उन्होंने इसकी सूचना ग्रामीणों व पुलिस को दी। सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की तथा मृतक के शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भिजवा दिया। सूचना पर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नशे का आदि था, जिसके चलते घर में कहासुनी होती रहती थी।










# प्रशासन माना तो ठीक, नहीं तो 18 को इस्लामिया अवैध अतिक्रमण पर बजेगा घण

## 15 फरवरी को तुलसी पार्क में होगा घण पूजन, पंजाबी समाज ने अतिक्रमण हटाने को सौंपा अपना समर्थन

**मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में बड़ी विड़म्बना हो चली है कि छोटे-छोटे काम कराने के लिए भी जब तक आम आदमी सड़कों पर नहीं आता, तब तक प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। इस्लामिया इण्टर कॉलेज के बराबर से बाग प्यारेलाल की ओर जा रहे रास्ते पर अवैध अतिक्रमण साफ तौर पर दिखने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी बस दाएं-बाएं की बातें करने में लगे हुए हैं और इसी का परिणाम है कि हिन्दू संगठन धीरे-धीरे आग-बबूला होते दिख रहे हैं। जल्द ही नगर के कई अन्य संगठन इस कड़ी में जुड़ने को तैयार हैं। रविवार को पंजाबी समाज ने उक्त अतिक्रमण के चलते हुई बैठक में आर्य समाज मंदिर पहुंचकर हिन्दू संगठनों को पूर्ण समर्थन सौंपा। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज तन, मन, धन से इस काम में हिन्दू संगठनों के साथ है और आवश्यकता पड़ने पर पंजाबी समाज के सैकड़ों लोग खुद इस दीवार को घण से तोड़ने को तैयार बैठे हैं। हिन्दू संगठनों के दर्जनों वरिष्ठ वक्ताओं ने अलग-अलग सम्बोधन करते हुए एक स्वर में कहा कि कोई नेत्रहीन भी आएगा तो उसे भी साफ तौर पर यह दिख जाएगा कि उक्त गली पर अवैध अतिक्रमण हुआ है, मगर प्रशासन की धींगामुश्ती के चलते हिन्दूवादी सरकारों में भी इतने से काम के लिए गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। यह बड़ा दुर्भाग्य है। 18 तारीख तक प्रशासन माना तो ठीक अन्यथा की स्थिति में पहले 15 तारीख को अंतिम चेतावनी के रूप में सैकड़ों की संख्या में नगर के हिन्दू तुलसी पार्क में इकट्ठा होंगे और घण पूजन करेंगे, उससे पहले घणों की खरीदारी की जाएगी। अपने सम्बोधन में हिन्दू संगठनों ने कहा कि बार-बार किसी नेता अथवा मंत्री के आगे गिड़गिड़ाने की जरूरत नहीं है, जब इस्लामिया इण्टर कॉलेज के अवैध अतिक्रमण पर हथौड़ा चलेगा तो अपने आप ही अधिकारियों और नेताओं दोनों की नींद टूट जाएगी और किसी भी अप्रिय घटना अथवा साम्प्रदायिक सौहार्द्र के बिगड़ने की पूरी-पूरी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी। सैंकड़ों की संख्या में आज भी आर्य समाज मंदिर में हिन्दू संगठन व पंजाबी समाज के लोग इकट्ठा हुए। बैठक की अध्यक्षता आर्य समाज के संरक्षक क्षमता प्रसाद शास्त्री ने की, जबकि संचालन संयुक्त हिंदू मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सैनी ने किया। इस दौरान कई हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सुदर्शन बेदी, संजय अरोड़ा (राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन), डॉ. योगेंद्र शर्मा (प्रदेश महासचिव, शिवसेना), पंकज भारद्वाज (हिंदू जागरण मंच), सचिन सिंघल, कुशपुरी व्यापारी नेता), वागेश अग्रवाल, मुकेश आर्य (प्रधान, आर्य समाज), विकास अग्रवाल (बजरंग दल), अमित पटपटिया (सभासद), कमलदीप (जिला अध्यक्ष, भगवा रक्षा वाहिनी), अखिलेश पुरी (संयुक्त हिंदू महासंघ), अनुराग सिंघल (एंटी करप्शन संगठन), सरदार सिंह (गुरुद्वारा कमेटी), राजेश कश्यप (मंडल महासचिव, शिवसेना), अमरीश त्यागी (जिला उपाध्यक्ष, शिवसेना), वीरेंद्र त्यागी, अशोक बाठला, पवन छाबड़ा, प्रवीण खेड़ा, गौतम आदि शामिल रहे। इसके अलावा कुल 36 हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए और आंदोलन को अपना समर्थन दिया।







### आज जिलाधिकारी से अंतिम बार मिलेगा हिन्दू संगठनों का प्रतिनिधि मण्डल

**मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)।** यूं तो हिन्दू संगठन के लोग कई बार कभी नगर मजिस्ट्रेट, कभी जिलाधिकारी से मिलकर बाग प्यारेलाल को जा रहे रास्ते पर इस्लामिया इण्टर कॉलेज द्वारा किये गए अतिक्रमण की जानकारी दे चुके हैं, मगर अब अंतिम बार सोमवार को हिन्दू संगठनों के 11 लोग जिलाधिकारी से मिलकर साफ तौर पर यह बता देंगे कि 18 से पहले प्रशासन ने उक्त अतिक्रमण न हटवाया तो वे स्वयं इस अतिक्रमण पर घण बजा देंगे। फिर अच्छे-बुरे या साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने की जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी।

### विक्रम सैनी बोले खालापार नजदीक, कहीं चल न जाएं तलवारें



**मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)।** पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने आर्य समाज मंदिर पहुंचकर हिन्दू संगठनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे स्वयं इस मामले में जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री स्तर तक बात करेंगे। जब बात नहीं बनेगी तो वे खुद इस अतिक्रमण पर घण बजाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दीवारें हटाना उनका दो मिनट का काम है। इन्हीं बातों पर उन पर कई मुकदमे दर्ज हैं। वे किसी भी बात से नहीं डरते, बस एक बार वे शासन और प्रशासन के कानों में डाल दें, फिर भी समस्या का समाधान न हुआ तो वे अपने आप देख लेंगे। अपने पुराने तेवरों में दिखे विक्रम सैनी ने यहां तक कह दिया कि अतिक्रमण साफ साफ दिखाई दे रहा है, इसमें किसी के बताने की कोई जरूरत नहीं है। बस वे इस बात के लिए सोच रहे हैं कि कल को कहीं उन्होंने कोई बड़ा कदम उठाया तो खालापार नजदीक है, यहीं तलवारें खिंच जाएंगी। सोमवार को सुबह ही विक्रम सैनी जिलाधिकारी के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात करेंगे और उन्हें सब बातों से आगाह कराकर अपने अगले आन्दोलन की तैयारी करेंगे।

### महोबा : 20 करोड से अधिक के जीएसटी घोटाले के भंड़ाफोड़ से मचा हड़कंप

**महोबा, 09 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में व्यापार कर विभाग द्वारा 20 करोड़ से अधिक के जीएसटी घोटाले का भंडाफोड़ किये जाने से हड़कंप मचा है। उपायुक्त राज्य कर नीरज सेंगर ने बताया कि जिले में पांच बड़ी व्यवसायिक फर्मो द्वारा ठेकेदारों से मिल कर किये गए इस बड़े घोटाले में वास्तविक लेनदेन किये बगैर फर्जी बिल बाउचर लगाकर शासन को दिए जाने वाले टेक्स की चोरी की गयी है। इन फर्मो में कामदगिरी ट्रेडर्स, अतुल बाबू, पीतांबरा सप्लायर्स,प्रेम बिल्डिंग सप्लायर्स आदि शामिल है,जिन्होंने फर्जी बिल बाउचर लगाकर करोड़ो की हेराफेरी की। सम्बन्धित फर्मो द्वारा किसी प्रकार की सामग्री की खरीद बिक्री नहीं की गई और बिल जारी कर दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि पूरा प्रकरण एक जांच में उजागर हुआ,जिसमे यह स्पष्ट है कि ठेकेदारों ने उक्त बिल बाउचर लगा कर जी एस टी का लाभ तो लिया लेकिन फर्मो द्वारा यह धनराशि सरकारी खजाने में जमा नहीं की गयी.मामले में सभी फर्मो को ब्लेक लिस्ट कर दिया गया है।

### आतिशी ने उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफ़ा

**नयी दिल्ली 09 फ़रवरी (वार्ता)** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने आज अपना इस्तीफा राज्यपाल वीके सक्सेना को सौंप दिया। सुश्री आतिशी ने आज यहां उपराज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया। दिल्ली



विधानसभा चुनाव में शनिवार को हुई मतगणना में भाजपा ने बहुमत के आंकड़े को हासिल किया है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 70 में से 22 सीटें मिलीं, जबकि भाजपा ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सातवीं विधानसभा को भी भंग कर दिया है।

### कुशीनगर : अवैध रूप से बनायी गयी मस्जिद पर चला बाबा का बुलडोजर

**कुशीनगर 9 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में हाटा नगर पालिका में अवैध तरीके से बनाए गए मदनी मस्जिद के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक शिकायत पहुंचने के बाद रविवार को पुलिस ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। तीन जेसीबी और एक क्रेन की मदद से पुलिस की मौजूदगी में मस्जिद को ध्वस्त किया गया। जांच के दौरान ही मस्जिद पक्षकारों ने मस्जिद को खाली कर दिया था और कार्रवाई के दौरान स्थिति पूरी तरह से नियंत्रित रही। हाटा नगर के बचनदेव सिंह ने सीएम को शिकायती पत्र देकर एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद का निर्माण नगर पालिका प्रशासन की मिलीभगत से होने का आरोप लगाया था। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच में पता चला कि पुलिस विभाग और सरकारी जमीन के कुछ हिस्सों पर मस्जिद का निर्माण अवैध तरीके से कराया गया है। नोटिस मिलने के बाद मस्जिद पक्षकारों ने 1999 का नक्शा और कुछ पत्रावलियों को नगर पालिका प्रशासन को दिया। जांच में नक्शे के हिसाब से निर्माण होना नहीं पाया गया। नक्शा सिर्फ दो मंजिल भवन का पास था और निर्माण अंडरग्रांउड के अलावा तीन मंजिल तक करा लिया गया था। इस संबंध में हाटा कोतवाल सुशील शुक्ला की तहरीर पर मस्जिद पक्षकारों पर केस भी दर्ज हुआ था लेकिन प्रशासन चुप्पी साथ लिया था। पीड़ति ने दोबारा सीएम से मिलकर शिकायत करने की चेतावनी दी थी। रविवार को सुबह भारी संख्या में पुलिस बल मस्जिद के पास पहुंचे।

### मिल्कीपुर का चुनाव जिताने वाले जाबांजों का हो सम्मान : अखिलेश

**लखनऊ 09 फरवरी (वार्ता)** अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा चुनाव महाकुंभ की तरह ही है फिर 144 साल बाद देखने को मिलेगा और जिताने वाले जांबाजों को सम्मान मिलना चाहिए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ट्वीट कर कहा इंडिया गठबंधन और मजबूत होगा। हम हार से कई बार सीखते हैं। हार से सीखना ही आने वाले समय के लिए रास्ता बनाता है। अखिलेश ने कहा मैंने मीडिया से विशेष रूप से कहा था कि आपको यह चुनाव विशेष रूप से देखना चाहिए। महाकुंभ की तरह ऐसा उपचुनाव 144 साल बाद ही देखने को मिलेगा। आपसे मौका चूक गया। लोकतंत्र के जिन जाबांजों ने यह चुनाव जिताया है। उन्हें प्रमाणपत्र मिलना चाहिए, सम्मान मिलना चाहिए। उनको लोकतंत्र के जाबांज के रूप में कोई न कोई तो सम्मान करे।



### भाजपा में दिल्ली की नयी सरकार के गठन की कवायद शुरू

**नयी दिल्ली 09 फरवरी (वार्ता)** दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की नयी सरकार के गठन को लेकर विचार मंथन आज शुरू कर दिया। दिल्ली के नये मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों के नामों पर विचार के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निवास पर आज एक बैठक हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी शामिल हुए। बैठक में भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाने और केंद्रीय पर्यवेक्षक तय करने पर भी बातचीत होनी है। वहीं भाजपा की दिल्ली प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को शाम पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुलायी है। श्री सचदेवा विधायकों से मिल कर उन्हें बधाई देंगे।

## बेरहम महिला ने बेजुबान पर डाला खौलता पानी, उतर गयी श्वान की खाल



**मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)।** नई मण्डी में जीवों पर अत्याचार का मामला सामने आया है, जिसमें एक बेरहम महिला ने गली के एक श्वान पर इतना खौलता हुआ पानी डाला कि उसकी पीठ के हिस्से की खाल ही उतर गयी और मांस का लोथड़ा दिखाई देने लगा। गर्म पानी गिरने के बाद श्वान किस-किस तरह से बिलबिलाया यह वीडियो में साफ दिख रहा है। गौ सेवकों को जब इसकी सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और महिला से काफी कहासुनी के बाद उक्त श्वान को ड्रिप चढ़ाकर उपचार देने का काम किया। उक्त महिला एक मेडिकल स्टोर के बराबर में स्थित गली में रहने वाली बताई गयी है। फिलहाल मामला नई मण्डी कोतवाली पहुंच चुका है और गौवंशों की सेवा करने वाले उक्त बेरहम महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं।

### ससुराल गया व्यक्ति लापता

**शाहपुर, 09 फरवरी (बु.)।** शाहपुर के कुटबा निवासी पाला पुत्र इन्द्रराज ने बताया कि उसका 45 वर्षीय पुत्र सतेंद्र गांव कुटबा 18 दिसम्बर को अपनी पत्नी पिंकी को लेने उसके मायके बागपत जनपद के गांव सिसाना गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसकी



ससुराल में पता किया तो बताया गया कि 18 दिसम्बर की शाम को आकर सतेंद्र बिना बताए सुबह चला गया था। उसका फोन भी तभी से बंद आ रहा है। स्वजनों ने सतेंद्र को काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। पिता पाला ने बागपत कोतवाली में अपने पुत्र के गायब होने की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पीड़ित पिता ने शाहपुर पुलिस से अपने पुत्र को तलाश करने के लिए मदद की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि सतेंद्र की पहली पत्नी की मौत के बाद उसकी दूसरी शादी बागपत जनपद के सिसाना गांव निवासी पिंकी के साथ पांच वर्ष पूर्व हुई थी, जिससे कोई बच्चा नहीं है। पहली पत्नी के तीन बच्चे हैं, जो साथ ही रहते थे।

## बाइक चोर को पुलिस ने गोली मारकर पकड़ा

### पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से तमंचा व कारतूस बरामद किए

**बुढ़ाना, 9 फरवरी (बु.)।** पुलिस ने एक मुठभेड़ में बाइक चोर को गोली मारकर लंगड़ा कर दिया। पुलिस टीम ने मौके से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बीते साल 30 दिसम्बर को सुशील सैनी पुत्र रामानन्द निवासी मौहल्ला पूर्वी पछाला कस्बा बुढ़ाना ने बुढ़ाना कोतवाली में अपनी बाईक के चोरी होने की एक तहरीर दी थी। पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। इस केस में एक आरोपी वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए बुढ़ाना सीओ गजेन्द्र पाल सिंह ने बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में एक टीम गठित की, जिसमें गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने अपने मातहतों की मदद से खास मुखबिर की सूचना पर आज रविवार की सुबह मेरठ करनाल हाईवे पर वाजिद के होटल के पास चैकिंग शुरू कर दी। तब एक व्यक्ति को चैकिंग के लिए रुकने का इशारा किया, तो वह नहीं रुका और पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करता हुआ खंडहरनुमा जगह में घुस गया। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में व्यक्ति के दायें पैर में



घुटने के नीचे गोली लगने से वह घायल होकर गिर गया। तब पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद किए। घायल बदमाश अमित पुत्र सुरेश गांव लूम जिला बागपत है। आरोपी पर पहले से ही 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में एसपी देहात आदित्य बंसल ने पुलिस टीम को इस गुडवर्क के लिए बधाई दी है।

### शाहपुर के युवक कश्मीर में नशीले पदार्थो की तस्करी में गिरफ्तार

**शाहपुर, 09 फरवरी (बु.)।** शाहपुर के मौहल्ला अंसारियान निवासी तस्लीम व साजिद कश्मीर में लगभग 30 वर्षो से रहकर कार्य करते है। तस्लीम सिलाई व व साजिद गाड़ियों के पम्प ठीक करने का कार्य करता है। उनका परिवार भी वहीं रहता है। कश्मीर पुलिस ने तस्लीम के पुत्र शाहरिम व साजिद के पुत्र साकिब को थाना चनापोरा पुलिस ने भारी मात्रा नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किए हैं। कस्बे के उनके पड़ोसियों ने बताया कि उक्त दोनों के परिवार वर्ष में एक बार जनवरी महीने में यहां आते हैं। दोनों युवक लगभग एक सप्ताह पूर्व ही शाहपुर से गये थे। थाना प्रभारी दीपक चौधरी ने बताया कि उन्हें कश्मीर से कोई सूचना नहीं मिली, लेकिन इंटरनेट मीडिया के आधार पर मिली सूचना को गम्भीरता से लेकर कश्मीर में गिरफ्तार आरोपितों व उसके अन्य साथियों की तलाश कर पता लगाया जाएगा। नशीले पदार्थ की तस्करी से शाहपुर के तार कैसे जुड़े व अन्य लोग जुड़े हुए इसका पता लगाया जाएगा।



## मुठभेड़ : 31 नक्सली ढेर, दो जवान शहीद, दो घायल

**रायपुर 09 फरवरी (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 31 नक्सलियों को मार गिराया, जबकि इस दौरान सुरक्षा बलों के दो जवान शहीद हो गये तथा दो अन्य घायल हो गये। वहीं बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पी सुंदर राज ने भी मुठभेड़ में 31 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में बीजापुर और नारायणपुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर रविवार सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर थी।

इस पूरे मामले व मुठभेड़ पर विस्तृत जानकारी देते हुए श्री सुंदरराज ने बीजापुर मुठभेड़ पर बताया कि जिला बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बीजापुर डिआरजी, एसटीएफ और संयुक्त बल को रवाना किया गया था। रविवार को इस ऑपरेशन के दौरान माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में अब तक कुल 31 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। आईजी सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के चार जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो जवानों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद होने वालों में एक डिआरजी और एक एसटीएफ का जवान शामिल है। अन्य दो घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज सुबह से ही सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हो रही थी पहले 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर आई जो की बढ़कर संख्या 31 नक्सली के मारे जाने की पुष्टि हुई। इस बीच आईजी ने कहा कि साल 2025 में अब तक अलग-अलग मुठभेड़ों में 65 माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं बस्तर पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को खत्म करने चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन में फोर्स के जवानों को लगातार सफलता मिल रही है। खासकर नया साल तो उनके लिए मौत का बवंडर लेकर आया है। फोर्स के दबाव में नक्सली लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं और मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। जिस तेजी से नक्सली मारे जा रहे हैं और सरेंडर कर रहे हैं उससे लगता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का टारगेट टाइम से पहले भी पूरा हो सकता है। उन्होंने 31 मार्च 2026 को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य तय किया है।



## प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे के बाद होगा दिल्ली सीएम पर फैसला

### प्रवेश वर्मा की राह में रोड़ा अटका सकते हैं सीएम पद के सामने आए नए दावेदार, महिला के हाथ गद्दी सौंपने पर हो सकता है विचार

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के बाद, दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 13 फरवरी के बाद होने की संभावना है। उनके आने पर ही दिल्ली सीएम के चेहरे पर भी मुहर लगने की संभावना बनी है। अभी तक मुख्य दावेदार माने जा रहे पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा की राह में भाजपा और संघ के रास्ते सामने आए नए दावेदार भी रोडा अटका सकते हैं। भाजपा दिल्ली की गद्दी किसी महिला को भी सौंप सकती है। सूत्रों ने रविवार को बताया, क्योंकि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में अगली सरकार का नेतृत्व करने के लिए अपने नेता को खोजने के लिए विचार-विमर्श कर रही है, दिल्ली में शनिवार को मतगणना के दौरान भाजपा ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें हासिल करके 27 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए सत्ता में वापसी की। एक दशक से शहर पर शासन कर रही आप ने 22 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की, जबकि पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित इसके प्रमुख नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार घोषित किए बिना चुनाव की ओर बढ़ रही भाजपा ने सरकार के मुखिया का चयन करने के लिए उच्चस्तरीय बैठके शुरू कर दी हैं, जिसमें पांच नेता प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। दिल्ली में मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों की सूची में प्रवेश वर्मा सबसे आगे हैं, जिन्होंने नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल को हराकर बड़ी जीत दर्ज की है। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता, प्रमुख ब्राह्मण चेहरा सतीश उपाध्याय, जो पहले राज्य अध्यक्ष के रूप में काम कर चुके हैं, दिल्ली भाजपा के महासचिव आशीष सूद, जिनके केंद्रीय नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध हैं और वैश्य समुदाय से आरएसएस के मजबूत हाथ जितेंद्र महाजन अन्य दावेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पहली बैठक के लिए 12-13 फरवरी को अमेरिका का दौरा करने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के विदेश दौरे से लौटने के बाद पार्टी अगले सप्ताह सत्ता में आने का दावा कर सकती है और उसके बाद शपथ ग्रहण होने की संभावना है।

### दिव्य-भव्य महाकुम्भ में सनातन आस्था की डुबकी लगाएंगी देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**महाकुंभनगर, 09 फरवरी ( वार्ता)** प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ की भव्यता एवं दिव्यता की साक्षी बनेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज़ पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर



सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। गौरतलब है कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

## रोहित फॉर्म से भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

**कटक 09 फरवरी (वार्ता)** रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा (119) की शतकीय, शुभमन गिल (60) और अक्षर पटेल (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 33 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। इंग्लैंड के 304 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और शुभमन गिल की भारतीय सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। 17वें ओवर में जेमी ओवर्टन ने शुभमन गिल को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। गिल ने 52 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (60) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली एक बार फिर विफल रहे। उन्हें आदिल रशीद ने (पांच) रन पर पवेलियन भेज दिया। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर पर डटे रहे और उन्होंने अपना 32वां शतक पूरा किया। 30वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने रोहित को आदिल रशीद के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। रोहित ने 90 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (119) रनों की पारी खेली। 37वें ओवर में अपने अर्धशतकी की ओर बढ़ रहे श्रेयस अय्यर रनआउट हुये। श्रेयस अय्यर ने 47 गेंदों तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (44) रन बनाये। जेमी ओवर्टन की गेंद पर सॉल्ट के एल राहुल (10) का कैच पकड़ा। हार्दिक पंड्या (10) रूप में भारत का छठा विकेट गिरा। उन्हें गस ऐटकिंसन ने आउट किया। भारत ने 44.3 ओवर में 308 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। अक्षर पटेल (41) और रवींद्र जडेजा (11) रन बनाकर नाबाद रहे।



## शेष : गौरव के क्षण: मुजफ्फरनगर में सैट-1 रॉकेट की सफल लांचिंग













को एक आदर्श मंच प्रदान करेगी। इस लैब में विद्यार्थियों को रॉकेट निर्माण, उपग्रह प्रक्षेपण के साथ ही अंतरिक्ष में की जाने वाली सभी वैज्ञानिक गतिविधियों की बारीकियों का अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमें अभी इस दिशा में और भी अधिक ऐसे अनुसंधान करने की आवश्यकता है।

कॉलेज सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि यह प्रदेश की प्रथम हाईटैक लैब है, जहां पर छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण पाकर सिर्फ देश में ही नहीं, अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना और संस्थान का नाम बुलंद करेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले दिनों में छात्रों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े कई और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं छात्रों को नए विचारों और खोजों के प्रति उत्साहित किया जाएगा, जो उन्हें न केवल इंजीनियरिंग बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी निपुण करेगा। इन्डोप्लेनेटएक्स के सीईओ अंकित कुमार ने कहा कि एसडीसीईटी सैट-1 ने 3.5 किमी की दूरी तय करते हुए उनके पिछले 03 किमी के रिकॉर्ड को तोड़. दिया। यह सफल रॉकेट लांचिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम था। छात्रों ने रॉकेट के डिजाइन और निर्माण में अपनी पूरी मेहनत लगाई थी। रॉकेट की सफल लांचिंग ने छात्रों के आत्म विश्वास को बढ़ाया और उन्हें यह महसूस कराया कि वे भी अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में योगदान कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान में स्थापित स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब में उत्तम कार्य करने के लिए छात्र साकिब व समर्थ को मंत्री अनिल कुमार ने प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त आईआईटी रुड़की में इंटर्नशिप के लिए चयनित कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी. के ध्रुव सिंघल एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी. के छात्र नवजोत सैनी को सम्मानित किया। उद्घाटन सत्र में दि एसडी कालेज एसोशिएसन के पदाधिकारियों में निरंकार स्वरूप, हरिभूषण गुप्ता, सीके जैन, नीरज कुमार, विनोद कुमार, आकाश कुमार, गौरव स्वरूप, अंकिता कुमार, वरूण गुप्ता, ध्रुव कुमार, लव कुमार, देवेन्द कुमार, नील कमल पुरी, अशोक सरीन, प्रीति कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा समेत कॉलेज के शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।